दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 136 मुरादाबाद 11 September 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM Modi ने सेंटर-स्टेट साइंस कान्क्लेव का किया उद्घाटन, बोले- नए भारत के विकास में विज्ञान निभाएगा अहम भूमिका

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज 21वीं सदी के नए भारत के विकास के लिए विज्ञान सभी क्षेत्रों के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह का यह पहला कान्क्लेव केंद्र-राज्य समन्वय और सहयोग तंत्र को मजबूत करेगा। जय जवान-जय किसान के साथ अब जय विज्ञान भी- पीएम ने कहा कि जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा मेल होता है तब संसार की सभी संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने कहा कि समाधान और नवाचार का आधार विज्ञान ही है।

इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

### एक राज्य को दूसरे से सीखने की नसीहत

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि इस




अमृत काल में भारत को अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्यों को अन्य राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना चाहिए, चाहे वो विज्ञान संबंधी हो या कुछ और। यह देश में विज्ञान आधारित विकास कार्यक्रमों का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम होगा। पश्चिम से पीछे नहीं है भारत- पीएम ने आगे कहा कि पश्चिम में आइन्सटाइन, फेरमी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे वैज्ञानिक अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में भारत के सी वी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नई-नई खोज सामने ला रहे थे। इसलिए खास है यह सम्मेलन- यह सम्मेलन इसलिए खास है क्योंकि इसका उद्देश्य सहकारी संघवाद के उत्साह से केंद्र और राज्य के बीच समन्वय और सहयोग तंत्र मजबूत करना है। यह कान्क्लेव पूरे देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) के एक सशक्त इको-सिस्टम का निर्माण करेगा। इस दो दिवसीय कान्क्लेव का आयोजन अहमदाबाद के साइंस सिटी में किया जा रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री समेत यह लोग हुए शामिल- इस कान्क्लेव में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (एस एंड टी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिव, उद्योग जगत के लोग, उद्यमी, गैर सरकारी संगठन के लोग, युवा वैज्ञानिक और छात्र शामिल हुए।

## रामजन्मभूमि के सबूत खोद निकालने वाले बीबी लाल का निधन, केस में अहम थी उनकी स्टडी



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक पद्मश्री विभूषण प्रो. बीबी लाल का शनिवार को निधन हो गया। उनका पूरा नाम ब्रजबासी लाल और उम्र 101 साल की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है। बीबी लाल को भारत का सबसे वरिष्ठ आर्कियोलॉजिस्ट माना जाता था। वह 100 साल की उम्र में भी आर्कियोलॉजी से जुड़े शोधों में और इसके लेखन में सक्रिय थे। बीबी लाल का जन्म झांसी जिला के बैडोरा गांव में 02 मई 1921 को हुआ था। उन्होंने भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक के रूप में सेवा शुरू की। बीबी लाल को साल 2000 में पद्मभूषण के सम्मान से नवाजा गया था। इसके बाद 2021 में पद्मविभूषण का भी सम्मान दिया गया था।बीबी लाल ने महाभारत और रामायण से जुड़ी साइट्स के साथ-साथ सिंधु घाटी और कालीबंगन पर भी खूब काम किया था। उनके काम से जुड़ी तमाम किताबें और सैकड़ों रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। बीबी लाल 1968 से 1972 तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के डायरेक्टर रहे। इसके अलावा वह यूनेस्को की विभिन्न समितियों में भी शामिल रहे थे। साल 1944 में सर मोर्टिमर व्हीलर ने उन्हें तक्षशिला में ट्रेनिंग दी थी। बीबी लाल के निधन पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि श्री बीबी लाल एक बेहतरीन शख्सियत थे। कल्चर और आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्हें एक ऐसे बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में याद किया जाएगा जिनका हमारे समृद्ध अतीत से गहरा नाता था। पीएम ने लिखा कि उनके निधन से गहरे सदमे में हूं। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ अपनी सांत्वना व्यक्त की।

## अखिलेश यादव पर बेहद सख्त हो गए शिवपाल, बोले- बहुत धोखा खा लिया, अब सपा से नहीं होगा समझौता

लखनऊ-उत्तर प्रदेश में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की जड़ मजबूत करने के अभियान में लगे पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी को लेकर अब बेहद कठोर हो गए हैं।समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन या समझौता की बात पर उनके तेवर बेहद तल्ख हैं। शनिवार को शिवपाल सिंह यादव ने बेहद स्पष्ट लहजे में कहा कि समाजवादी पार्टी से हमने काफी धोखा खा लिया है। अब ना तो समाजवादी पार्टी से कोई गठबंधन होगा ना ही समझौते की कोई भी बात प्रयागराज में शिवपाल सिंह यादव तो समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को लेकर बेहद सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि हमने तो काफी प्रयास किया, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। हमने समाजवादी पार्टी से बहुत धोखा खा लिया है। अब



तो हम समाजवादी पार्टी से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे।

### हमारी इच्छा नेताजी एक बार और लड़ें लोकसभा चुनाव

शिवपाल सिंह यादव ने इसके साथ ही कहा कि मैं समाजवादी पार्टी में नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि ना तो वह सपा में जाने वाले हैं और ना ही उनसे किसी भी प्रकार का संबंध रखने की इच्छा है। प्रसपा के मुखिया ने कहा कि हमारी इच्छा है कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) एक बार और लोकसभा का चुनाव लड़ें।

### सपा के मजबूत संगठन को नहीं संभाल सके अखिलेश यादव

अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में बेहद मजबूत समाजवादी पार्टी के संगठन को अखिलेश यादव संभाल नहीं सके। अभी तो समाजवादी पार्टी का 75 जिलों में संगठन ही नहीं है।

### अभी तय नहीं किसके साथ करेंगे गठबंधन

इटावा के जसवंतनगर से समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हम लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में लगे हैं। हम गठबंधन तो करेंगे, लेकिन अभी तय नहीं है कि किसके साथ हमारा गठबंधन होगा। जिसके साथ भी होगा हम समय आने पर बताएंगे। भाजपा से भी गठबंधन के बारे में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यह तो आने वाला समय बताएगा कि उनसे गठबंधन होगा या नहीं।

### भ्रष्टाचार के प्रकरण पर सीएम से मिलेंगे

शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार तथा कमीशनखोरी चरम पर है। प्रदेश में इस प्रकार के भ्रष्टाचार तथा कमीशन लेने के प्रकरण पर शिवपाल सिंह यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने का फैसला किया है।

### 2024 में सरकार में रहने का भरोसा

शिवपाल सिंह यादव से जब लोकसभा चुनाव 2024 के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम लड़ेंगे भी और हमको भरोसा है कि हमको सरकार में ही रहना है।

# उन्नतशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह और राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख कलेक्ट्रेट परिसर में औधानिक किसानों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी में जनपद के उन्नतशील कृषकों को कृषि क्षेत्र में बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री को कृषक ने जनपद में पहली बार उत्पादित ड्रैगन फ्रूट भेंट किया। जिस पर मंत्री जी ने काफी सराहना भी की इस अवसर पर मंत्रीगण ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। देश एवं प्रदेश के विकास का रास्ता गॉव के पगडंडियों से हो कर जाता है, इस लिए गॉव का किसान खुशहाल होगा तो देश एवं प्रदेश के साथ हमारा समाज भी खुशहाल होगा। उन्होने कहा कि किसानों के उत्थान हेतु विभागीय अधिकारी सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं अपने दायित्व बोध के साथ समय से उपलब्ध करायें, साथ ही उन्हें सब्जी, बागवानी एवं जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित कर जोडे, ताकि वे अपनी खेती में बेहतर उत्पादन कर के अपनी आमदनी बढ़ा सके और वे आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके ।जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, परियोजना निदेशक इन्दपाल सिंह, डी०सी०



एन०आर०एल०एम०, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर, सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

# डीजे भांगड़ा संग धूमधाम से हुआ भगवान गणेश का विसर्जन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती डीजे भांगड़ा संग धूमधाम से हुआ भगवान गणेश का विसर्जन विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट से जय पत्तर पुरवा समय के स्थान की मूर्ति 5 मूर्ति नासिरगंज , की मूर्तियां बदला चौराहा होते हुए भाखला घाट पर विषर्जित होंगी जिसकी सुरक्षा के साथ प्रभारी निरीक्षक द्वारा क्षेत्र का भृमण व भारी संख्या में पुलिस गिरंट बदला चौराहा भाखला पुल पर विसर्जन के स्थान पर लगाई गई है जहाँ पर किसी प्रकार की शांति सुरक्षा में व्यवधान न उतपन्न हो जमुनहा भवनियापुर के मजरा जमुनहा गाँव में मंदिर के बगल परिसर में गणेश जी की प्रतिमा गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित की गई थी जिसमें पांच दिवसीय पूजा अर्चना करने के बाद छठे दिन भगवान गणेश की विशाल शोभायात्रा यात्रा जमुनहा के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई जिसमें सैकड़ों माताये बहने भी शामिल हुई वही शोभायात्रा के दौरान वासुदेव चौराहे पर भक्तों द्वारा प्रशाद वितरण किया गया तथा जमुनहा के बस स्टैंड चौराहे पर भी विशाल भंडारे का आयोजन ? शिव सेवक कावरिया समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया शोभायात्रा में भक्त नाचते गाते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले बरस फिर जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बूढ़ी राप्ती में मूर्ति विसर्जन किया गया यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते हुए इंस्पेक्टर राम नवल यादव, चौकी प्रभारी जमुनहा कृष्ण गोपाल राय, एस आई मनोज कुमार,एस आई गौरव सिंह,एस आई रियाज अंसारी, मय फोर्स तैनात रहे तथा कमेटी के रामू हिंदुस्तानी,हरीश जायसवाल गाँधी, विकास सोनी,अरविंद वर्मा, नन्दू वर्मा,राजेश गुप्ता, ऋतुराज गुप्ता, मेहुल नाग,संजय चेला,टिंकू पटवा,रमेश भार्गव, ज्ञान भार्गव, मोहनलाल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व भक्त मौजूद रहे । और इन मूर्तियों का विसर्जन ककरदरी घाट पर किया गया ।

## माननीय प्रांशुदत्त द्विवेदी जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी सोनू एडवोकेट जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ आशीर्वाद मैरिज लॉन पूरनपुर रोड तिकुनिया पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी माननीय प्रांशुदत्त द्विवेदी जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया, इस मौके पर स्वागतकर्ता मंडल उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, निर्भय मिश्रा एडवोकेट, अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी कमल दीक्षित, विवेक मिश्रा, सुनील शुक्ला, प्रकाश सिंह,सोनू वर्मा, डीडी मिश्रा, गौरव शर्मा, गौतम अवस्थी, शिवम, राहुल शर्मा, प्रशांत शुक्ला, शोभित मिश्रा, मलिका प्रधान विवेक सिंह,राजू मिश्रा, अतुल शुक्ला, अंकित मिश्रा, सोनू मिश्रा,आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चोरी के माल के साथ एक गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने अभियुक्त सुंदा उर्फ सुरेंद्र पुत्र रामदेव निवासी भरथा बेलभरिया थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त द्वारा चोरी किए गए ?520 बरामद किये गये। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 500/2022 धारा 379,411 भा०द०वि० पंजीकृत किया सीताराम पुत्र लालता प्रसाद निवासी मोहल्ला टंडवा बनकटवा कृष्णानगर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती अपने मोहल्ले में सड़क के किनारे खड़े एक ठेले पर सो रहे थे 520 रुपए बरामद किया गया तथा मोबाइल फोन बरामद नहीं हो सका अभियुक्त सुंदा उर्फ सुरेंद्र उपरोक्त को सीताराम व उनके पड़ोसियों के द्वारा थाने लाकर सुपुर्द किया गया।

# सड़क पर जलभराव की समस्या का समाधान जल्द किया जाए



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-क्षेत्र की ग्रामपंचायत नवाजपुर में जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित से समस्या का निस्तारण कराएं जाने की मांग की है जिस पर तत्काल ही ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित विकास खंड के जेई कन्हैया लाल राना को लेकर मौके पर पहुंचे, और जल निकास के लिए नाला बनवाने के लिए माप कराया साथ ही जेई को जल्द ही कार्य कराने का निर्देश भी प्रदान किया है,मौके की स्थिति देख ब्लाक प्रमुख ने जल भराव की समस्या को बेहद गंभीर बताया और बोले इस तरीके के जल भराव से संक्रमण का गंभीर खतरा है जिसका प्रभाव पूरे गाँव के लोगों पर पड़ सकता है और उन्होंने स्थानीय लोगों से नाला निर्माण न होने तक भरे हुए दूषित जल को खेतों में निकलवाने को भी कहा है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित के साथ भाजपा जिला मंत्री विजय शंकर अवस्थी, विनोद वर्मा, विवेक सिंह मलिका प्रधान, मुनीश कुमार तथा सुमित सिंह भदौरिया,प्रेमशंकर शुक्ला, क्षेत्र पंचायत सदस्य नावजपुर रामकृपाल आदि अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## गिरदावरी सत्यापन 20 सितंबर तक करने, जर्जर शाला भवन विघटित करने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने , कलेक्टर ने दिए निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत तेंदूमुड़ा एवम बरौर में गिरदावरी सत्यापन और स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने तेंदूमुड़ा के पटवारी द्वारा संतोषप्रद कार्य नहीं करने पर उन्हें फटकार लगाते हुए 20 सितंबर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण करने, गिरदावरी में धान की किस्मों का उल्लेख करने, नक्शा नवीनीकरण, फर्द बटवारा आदि के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में सुधार नहीं लाने पर पटवारी को कारण बताओ नोटिस देने तथा वेतन काटने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही को निर्देशित किया। कलेक्टर ने तेंदूमुड़ा के किसान देव सिंह और बरौर के किसान रूपई केवट के खेतों में लगे सुगंधित धान का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर सिंचाई सुविधा नलकूप, कुआं आदि के बारे में पूछताछ की। उन्होंने किसानों को कम बारिश होने की स्थिति में धान के अलावा मक्का, उड़द, कोदो कुटकी आदि फसल लेने की सलाह दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि तेंदूमुड़ा पटवारी हल्का नंबर 10 में 15 किसानों ने 20 एकड़ में सुगंधित धान लोंहदी एवं जीराफूल और बरोर के पटवारी हल्का नंबर 8 में 25 किसानों ने 25 हेक्टेयर में सुगंधित धान देवभोग, लोंहदी एवं जीराफूल की खेती की है। उन्होंने बरौर के पुराने जर्जर प्राथमिक शाला भवन को विघटित (डिस्मेंटल) करने, आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत, शौचालय की मरम्मत, शाला परिसर का समतलीकरण, जल निकासी तथा बाउंड्रीवाल में गेट लगाने के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने प्राथमिक एवम माध्यमिक शाला तेंदूमुडा का निरीक्षण कर बच्चों एवम शिक्षको की उपस्थिति की जानकारी ली तथा ज्यादा दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के घर जाकर पता करने और उनके पालकों से बात करने कहा।उन्होंने मिडिल स्कूल के बच्चों का अंग्रेजी ज्ञान कम होने पर प्राचार्य को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सरपंच को शाला परिसर में छायादार पौधे लगाने कहा। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही श्री देव सिंह उईके, जनपद सीईओ मरवाही डॉ राहुल गौतम सहित कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/ आसपास

www.knlslive.com

3

11 September 2022

# कोचिंग सेंटर संचालक ने छात्रा की फोटो वाट्सएप स्टेट्स पर लगाई, अभिभावकों ने पीटा

मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक कोचिंग सेंटर संचालक अपने यहां की छात्रा के साथ आए दिन छेड़छाड़ करता था। उसके साथ में उसने फोटो भी खींच रखी है। जिन्हें उसने अपने वाट्सएप स्टेट्स पर भी लगा लिया। फोटो वायरल होने पर छात्रा के अभिभावक भड़क गए और कोचिंग सेंटर पहुंच गए। कोचिंग सेंटर पहुंचकर अभिभावकों ने संचालक को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। संचालक और छात्रा के अलग-अलग संप्रदाय का होने के कारण मामला और बढ़ गया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। आरोपित कोचिंग संचालक से पुलिस पूछताछ कर रही है। जनपद मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र निवासी शहाबुद्दीन खान हसनपुर में एक स्थानीय व्यक्ति के साथ मिलकर अमरोहा अड्डे पर कोचिंग सेंटर चलाकर छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते हैं। शनिवार को कस्बा निवासी एक छात्रा के साथ कोचिंग सेंटर संचालक का फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल फोटो छात्रा की बहन तक पहुंच गया। छात्रा की बहन ने कोचिंग सेंटर पर पहुंचकर हंगामा करते हुए उसकी धुनाई कर दी। छात्रा से छेड़छाड़ की बात सुनकर बड़ी संख्या



में अभिभावक और युवा मौके पर कोचिंग सेंटर पहुंच गए और जमकर हंगामा हुआ।सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। चर्चा है कि उक्त कोचिंग सेंटर संचालक पहले भी छात्राओं से छेड़छाड़ करने के मामले में चर्चित रहा है। लोगों ने आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हसनपुर के क्षेत्राधिकारी सतीश चंद पाण्डेय ने बताया कि कोचिंग सेंटर संचालक के साथ छात्रा का फोटो वायरल हुआ है। छात्रा की बहन की शिकायत पर आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी मामले को लेकर तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# सामूहिक रूप से किया हनुमान चालीसा, महाआरती

मुरादाबाद-अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने भाद्रपद की पूर्णिमा पर अटल घाट कटघर रेलवे स्टेशन पर रामगंगा की आरती की। इससे पूर्व सदस्यों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसे का पाठ किया। महाआरती कर विश्व कल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान गंगा मैया के जयकारे गूंजते रहे। मीडिया प्रभारी श्याम कृष्ण रस्तोगी ने गंगा एवं राम गंगा में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन नदियों को जल्द ही प्रदूषण से मुक्त कराने की मांग की। महाआरती में मनोज व्यास,श्याम कृष्ण रस्तोगी, राकेश आत्रेय, राकेश शर्मा, विनीत शर्मा, महंत राकेश, कामेश्वर मिश्रा, पंडित तेज नारायण मिश्रा, महेंद सिंह, भारत सिंह, अनुज राजपूत, सुरेश खंडूरी, मुकुल व्यास, श्याम शुक्ला, विजय वाजपेई, बबलू भटनागर, अनिल रस्तोगी, विनोद रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, वंदना शर्मा, स्वाति शर्मा, गीता पांडे आदि शामिल रहे।

# श्राद्ध पक्ष: पहले दिन किया गया पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध

मुरादाबाद-भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के साथ श्राद्ध पक्ष आरंभ हो गये। दोपहर से पड़वा लग जाने के कारण कुछ लोगों ने पड़वा तिथि का श्राद्ध भी मनाया। सुबह से ही लोगों ने ब्राह्मणों को अपने पूर्वजों का स्वरुचि भोजन कराकर पूर्वजों को मनाने का प्रयास किया। कौवे को भी ग्रास दिया गया। इसके साथ ही शुभ कार्य बंद हो गए। शनिवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन उनका श्राद्ध मनाया गया जिनका देहांत अश्विनी माह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हुआ था। श्राद्ध पक्ष कृष्ण पक्ष में होने के कारण इसमें पूर्णिमा की तिथि नहीं आती। इसीलिए जिनका देहांत अश्विनी माह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हुआ उनका श्राद्ध आज भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को किया गया। कुछ लोगों का मानना रहा कि अश्विनी कृष्ण पक्ष की पड़वा भी आज ही दोपहर से शुरू हो गई। इसलिए उन्होंने भी पड़वा मानकर इस तिथि का श्राद्ध मनाया। सुबह से ही लोगों ने अपने पूर्वजों का स्वरुचि भोजन बनाकर ब्राह्मणों को भोजन कराना शुरू कर दिया। कौवे को भी ग्रास दिया गया। जिसमें खीर का खास महत्व रहा। श्राद्ध पक्ष में शुभ कार्य करना वर्जित रहता है। मान्यता है कि श्राद्ध कर्म करने वाले नए कपड़े पहने, खरीदारी नहीं करते, भूमि पूजन आदि भी नहीं किया जाता। इसलिए मांगलिक कार्य भी बंद हो गए। इस बार 16 दिन का रहेगा श्राद्ध पक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया आज शनिवार से शुरू होने वाला श्राद्ध पक्ष पच्चीस सितंबर को समाप्त होगा। इस बार श्राद्ध पक्ष पंद्रह के स्थान पर सोलह दिन का रहेगा। बीच में सत्रह सितंबर को कोई श्राद्ध कर्म नहीं किया जाएगा। र्य करने से बचते हैं। इसलिए उन्होंने खरीदारी के लिए बाजार पहुंचना भी कम कर दिया। इससे बाजार में न अधिक भीड़ रही और न ही जाम। सर्राफा, बर्तन, कपड़ा, रेडीमेड गारमेंट आदि की दुकानों पर सन्नाटा सा रहा। कपड़ा व्यापारी जयदेव यादव ने बताया कल तक दुकान पर ग्राहक उमड़े थे। सुबह से दो-चार ही ग्राहक आए हैं। बर्तन व्यापारी अजय अग्रवाल की मांगे तो सुबह से ग्राहक ही नहीं आया। सर्राफ अमित गुप्ता ने बताया सुबह से मात्र दो-चार मुस्लिम ग्राहक ही आए। पहले ही काम कम था अब श्राद्ध पक्ष में और मंदी रहेगी।

## प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का मिशन जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया



मौ.युसुफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- AIMIM महानगर मुरादाबाद कार्यालय पर सदस्यता अभियान मे बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से प्रभावित होकर *महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद एडवोकेट के द्वारा शाहनवाज़ अंसारी उर्फ़ राजा भाई ने मजलिस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की और वार्ड 41 असलतपुरा पक्का बाग़ से संभावित उम्मीदवार का आवेदन किया और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का मिशन जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर महानगर महासचिव वसीम सिद्दीकी साहब, क़ासिम अंसारी साहब भी मौजूद रहे।

# आरएसएस के ब्रज प्रांत कार्यवाह राजपाल सिहं हुए पचंतत्व में विलीन - शवयात्रा में उमडा जन सैलाब

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/एटा - राष्ट्रिय स्वंय सेवक संघ के ब्रज प्रांत कार्यवाह राजपाल सिहं का कल कैलाश हॉस्पीटल नोयडा में कैंसर बीमारी के उपचार के दौरान निधन हो जाने के पश्चात देर रात्रि उनके पार्थिव शरीर को उनके शांति नगर स्थित आवास पर लाया गया ! आज शनिवार की प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड पर दर्शनार्थ उनके पार्थिव शरीर को रखा गया तत्पश्चात कासगंज जनपद के कछला गंगा घाट पर उनकी चिता को परिजनों द्वारा मुखाग्नि देकर उनके शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया ! इस अवसर पर भारत सरकार के राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा , डा. एस.पी.सिहं बघेल एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ठा . जयवीर सिहं व दर्जा राज्य मंत्री ठा. रघुराज सिहं ,एटा - कासगंज से भाजपा सांसद राजवीर सिहं राजू भईया , बरेली के सांसद धर्मेन्द कश्यप , बदायूं सांसद सघमित्रा मोर्य , अलीगढ सांसद सतीश गौतम , टून्डला विधायक प्रेमपाल धनगर ,



अलीगंज विधायक ठा. सत्यपाल सिहं राठौर , सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड , विधायक मारहरा वीरेन्द सिहं लोधी , कासगंज सदर से विधायक देवेन्द सिहं , पटियाली के पूर्व विधायक ममतेश शाक्य , अमांपुर से विधायक हरिओम वर्मा , एमएलसी आशू यादव , कासगंज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप , उत्तर प्रदेश भाजपा मतस्य प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक सत्येन्द्र कश्यप 卐 बॉबी 卐 सहित कासगंज भाजपा जिलाध्यक्ष के पी सिहं सोलंकी , भाजपा जिला महासचिव नीरज शर्मा , हीरालाल कश्यप , भाजपा मीडिया प्रभारी के के सक्सेना, एटा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन , जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिहं , भाजपा मैनपुरी के प्रभारी डा. दिनेश वशिष्ठ , दुलारे सिहं भदौरिया , राजेन्द्र कश्यप , विमल शर्मा , सचिन उपाध्याय , वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता , व्यापार मडंल के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चन्द गुप्ता ,अलीगंज के पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता , कासगंज डीएम हर्षिता माथुर , कासगंज एसपी एवं डीएम एटा अंकित अग्रवाल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शकंर सिहं , ठा. अजयपाल सिहं बंटी ठाकुर अध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मडंल अलीगंज , डा. सुभाष शाक्य , डा. चमनवीर शाक्य ,भाजपा नेता विक्रांत माधौरिया , अमित सर्राफ आदि लोगों ने इस गमगीन माहौल में मौजूद रहकर भावुक विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजपाल सिहं के निधन को आरएसएस के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया है !

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Withdrawal of armies

The news of China's withdrawal from an area in eastern Ladakh is nothing short of good news, but are we really moving at the expected pace towards a comprehensive border resolution? India on Friday said the withdrawal of Indian and Chinese troops to the hot springs would be completed by September 12 and both sides agreed to pursue talks to resolve the remaining issues along the Line of Actual Control. It remains to be seen whether China is also retreating with the same sentiment. The infiltration was from that side. For peace on the border, his retreat is more important. Well, if the military commanders of both the countries have issued this joint statement, then its implications can be understood. It is being told that on July 17, the military commander level meeting was agreed upon in the 16th meeting, but when the armies of both the countries started retreating at the ground level, then everyone was informed. According to the agreement, troops will be removed from the area of ????Gogra-Hot Springs, also known as Patrolling Point-15 or PP-15. The Foreign Ministry spokesperson has said that the process of withdrawal has started on 8 September and will continue till 12 September. End of deadlock on PP-15 is a positive sign. The forces have withdrawn from some areas of Galwan Valley, Pangong Lake. The military commander-

level talks cannot be called a complete failure. However, until the arrival of this new information, there was talk that there was little benefit from military commander level talks and China is stubborn. It was even being said that ministerial or diplomatic officer level talks should start for a solution. Well, the good news is that the time and resources spent in negotiations have not gone to waste.

If China is really keen to restore peace on the border, it should move towards a holistic solution. India wants a proper settlement of the border dispute, its intention has never been to infiltrate or grab anyone's land and we do not make any such claim. It is important for us to protect our land. Whereas the truth is that China is moving ahead with a policy of scraping us slowly. India should force China to back down with irrefutable logic and facts in further negotiations. If the neighboring country does not realize its mistake, then we should actively try to take it towards the solution. There is also one aspect that the meeting of the Indian Prime Minister and the Chinese President is possible next week. China is well aware of the importance of border resolution for India to be included in any Organization for Economic Regional Cooperation. Today, China cannot ignore a huge country like India, it also knows that it has every advantage in living with India. Therefore, China should change its policies. Its intention should be clear and there should be a permanent solution to the India-China border just like the Russia-China border. India should strive for a final and complete solution instead of being overwhelmed by small solutions. In all the upcoming high-level meetings, India should keep its word strongly.

# Siddhant Chaturvedi danced in Ganpati immersion, created a ruckus on 'Lollipop Lagelu'


Ganesh ji was immersed with pomp on the previous day and on this special occasion, photos and videos of many celebs surfaced on social media. During this, the social media post of actor Siddhant Chaturvedi also surfaced, in which he is seen performing Bappa's last aarti. Along with this, he is seen dancing to the songs of many celebs including Shahrukh Khan, Ranveer Singh, Deepika Padukone, Hrithik Roshan. In the video, Siddhant is also seen dancing on Bhojpuri song 'Lollypop Lagelu'.



What is Siddhant's video - Siddhant Chaturvedi has shared a video on social media. Sharing this video, Siddhant wrote the caption, 'Gachha Mam Puja gachha surshrestha sastane parmeshwar. Grihitmevan Punaragamanay Cha. Ganpati Bappa Morya. In the video, Siddhant is seen worshiping Ganpati Bappa on the last day as well as performing the immersion after that. Jhoom kar dancing Siddhant- In the video, Siddhant is not only seen worshiping Bappa but is also seen swinging vigorously. In the video, Siddhant is seen grooving to several songs, not one or two. Siddhant danced to 'Gali Gali Mein', 'O Ho Ho Ho', 'Deva Shree Ganesha', 'Wat Lagali', 'Dhol Baje', 'Lollipop Lagelu' and 'Saame'. This video of Siddhant is being liked by social media users. Siddhant dating Navya? Karan asks Siddhant if he likes anyone? To this Siddhant said, 'I am just concentrating on work. At the moment I am completely single. In the midst of this statement of Siddhant, Ishaan Khattar jumped and said- Hey ask them questions about Ananda. Karan gets a bit confused and asks should I ask about Ananda? What is Ananda? Siddhant then changes the topic and says, no... no I am single and that too so much so that Ishaan hangs out with me, he too has become single. In such a situation, once again the market of news has become hot about Siddhant and Big B's granddaughter Navya Nanda.

# Fan gave painting to Sonu Sood by making his own blood, actor gave advice - it would have been better if he had donated blood

Sonu Sood who came as the messiah of the poor and needy people during Kovid, he is helping everyone even today. Outside Sonu's house there is always a crowd of people who come to Sonu to ask for help for something or the other. At the same time, because of Sonu's generosity, the fans love him even more now. Now recently a fan came to meet him and brought such a gift for him that Sonu was also surprised. Actually, that fan brought a painting for Sonu, but that painting was not common. It was made by the fan with his own blood. Along with this, when he met Sonu, he said that he could even give his life for Sonu. Sonu's blood painting- Although Sonu gave a message to that person and other fans too that instead of doing this, he would donate blood. Do it. Actually, Sonu retweeted a video on Twitter in which he is meeting the fan. Sonu says in the video that he is a talented artist. My brother has made my painting. Then the fan speaks in the middle with blood. Then Sonu says that this is what you did wrong that you made it with blood. Sonu gave the message- Fan says that I will sacrifice my life for you. After this Sonu says, I can understand your feelings, but why only with blood. Better you donate blood. Sonu then requests everyone at the end of the video to support this artist and his prayers are always with him. Professional Life- Talking about Sonu's professional life, he was last seen in the film Prithviraj. Now he will be seen in Tamil film Tamilarasan. Apart from this, he will be seen as a lead actor in the Bollywood film Fateh,



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


# धूमधाम से निकलीं गणपति की विसर्जन यात्राएं,गंगा घाट पर किया विषर्जन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ भगवान गणेश की विशाल शोभा यात्राएं निकाली तथा विधि विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया। चिंताहरण महादेव मंदिर जय महाकाल सेवा समिति द्वारा चतुर्थी पर स्थापित की गई गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए सुबह से ही तैयारियां जोरों शुरू हो गई। मेन बाजार से शुरू हुई यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कछला गंगाघाट पर प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा में इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महाकाल समिति के अध्यक्ष कपिल देव वार्ष्णेय संजीव वार्ष्णेय गौरव वार्ष्णेय भल्लन गुरु केशव वार्ष्णेय अरुण सर्राफ सोनू सर्राफ हिमांशु गुप्ता रवि वार्ष्णेय अर्पित बंसल अंकुर बंसल संदीप वार्ष्णेय दीपक वार्ष्णेय शिवम वार्ष्णेय देव बाबू वार्ष्णेय दीपक पालीवाल सहित श्रद्धालु उपस्थित थे। इस क्रम में जलेसर के मोहल्ला बारी का चौक में महादेव मंदिर पर प्रथम बार विराजमान की गई भगवान गणेश की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकली। शोभायात्रा बड़ा बाजार शेरगंज कटरा चुंगी होते हुए निधौली चौराहा पर शोभायात्रा सम्पन्न कर गणपति जी की प्रतिमा को विसर्जन हेतु कछला स्थित गंगाघाट ले जाया गया। इस पहले भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ गणपति की शोभायात्रा में भक्त अबीर-गुलाल की वर्षा करते हुए निकले। मुख्य रूप से महेश चंद कुशवाहा रूपकिशोर वीरेंद्र बघेल सोनू वर्मा सचिन बघेल शेखर चौहान तुषार माहौर मयंक माहौर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।


# डीएम से नही सीएम से शिकायत कर दो मेरा कुछ नही होगा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज सीएचसी पर तैनात अधीक्षक डॉ0रंजीत वर्मा की वीडियो कह रहे हैं, कि डीएम से नही सीएम से शिकायत कर दो मेरा कुछ नही होगा। एटा।मामला अलीगंज सीएचसी का है,जहाँ जैथरा के पत्रकार सुनील की पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई,बो अपनी पत्नी को अलीगंज सीएचसी पर लेकर आये,हॉस्पिटल में न तो बिजली थी न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था लाइट की थी।वहा पर तैनात एक संविदा नर्स ने प्रसव पीड़िता को वही रेम्प पर पड़ा रहने दिया।जहां उनसे एक बच्चे को जन्म दिया।लापरवाही का ये आलम था,कि वहाँ पर अंधेरे में ही महिला ने रेम्प पर प्रसव पीड़ित होने पर बच्चे को जन्म दिया।यही हाल उम्मेद नगला की एक प्रसव पीड़ित महिला का था जिसने भी अंधेरे में एक बच्चे को जन्म दिया, जो बाहर बेंच पर पड़ी हुई थी।लेकिन कोई भी डॉ0 वहाँ मौजूद नही था।ऐसी परिस्थिति में यदि कोई अप्रिय घटना प्रसव पीड़ित महिला या बच्चे के साथ हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती।इस पूरी घटना की वीडियो और फोटो मा0जिलाधिकारी को तुरंत भेज दिए गए हैं, साथ ही घटना की पूरी जानकारी जिलाधिकारी को मोबाइल पर दे दी गई।

# शहर मे आज कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई अनंत भगवान की शोभा यात्रा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से जहां शहर में एक बार फिर से आज अनंत भगवान की शोभायात्रा वैश्य समाज द्वारा निकाली गई हम आपको बता दें बड़े ही धूमधाम से आज शोभा यात्रा निकाली गई जैसा की मेला कमेटी के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया है कि वैसे समाज द्वारा शोभायात्रा शहर के पुरानी बस्ती पटियाली गेट होली गेट लोकमान दास तरह वली मोहम्मद चौराहा से कैलाश मंदिर भागीपुर जीटी रोड ठंडी सड़क निकाली गई इस बीच भक्तों ने शोभा यात्रा का आनंद लिया हम आपको बता दें पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत का है

# कनाडा में बेटे की मौत, चेहरा देखने को मिला न ही कंधा दे पाए, अब पैतृक गांव में होगी तेरहवीं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कनाडा में 15 साल से रह रहे गांव वरना के तरुण पांडेय की मौत के बाद परिजन को उनका चेहरा तक देखने को नहीं मिला। 23 अगस्त को तरुण का निधन हुआ था। इसके बाद से शव वहां रखा हुआ था। तमाम प्रयासों के बाद भी उसे भारत लाने की अनुमति नहीं मिल पाई। वहां के प्रशासन ने भारतीय समयानुसार बृहस्पतिवार की रात परिजनों की गैर मौजूदगी में अंतिम संस्कार करा दिया। अब परिजन उनकी अस्थियां मुहैया कराए जाने के लिए गुहार लगा रहे हैं। अलीगंज तहसील क्षेत्र के गांव वरना निवासी सुभाष चंद्र पांडेय के बड़े पुत्र तरुण पांडेय अपनी पत्नी रंजना को लेकर करीब 15 साल पहले कनाडा गए थे। वहीं लेबर कांट्रेक्टर का काम करते थे। छोटे भाई निखार पांडेय ने बताया कि भाभी रंजना का व्यवहार उनके प्रति अच्छा नहीं था। पुत्र पलाश को लेकर वह अलग रहने लगीं। इसके बाद से भैया अवसाद में घिरते गए और बीमार रहने लगे। कुछ दिन पहले विक्टोरिया हॉस्पीटल, कनाडा में भर्ती किया गया। वहां 23 अगस्त को उनकी मौत हो गई। जिसकी सूचना हमें दी गई। इसके बाद उनका शव लाने के लिए हम लोगों ने तमाम प्रयास किए, लेकिन उनकी पत्नी रंजना ने इसके लिए अनुमति ही नहीं दी। स्वयं भी शव को मोर्चरी से नहीं लिया। वहां के स्थानीय प्रशासन ने भारतीय समय के अनुसार बृहस्पतिवार की रात विद्युत शवदाह में अंतिम संस्कार कर दिया। अस्थियों को रखा गया। हम लोग चाहते हैं कि शव तो नहीं मिला, अस्थियां ही मिल जाएं। जिससे उनका धार्मिक रूप से प्रवाह किया जा सके। पत्नी ने किया था मना-कनाडा के कानून के मुताबिक मृतक के शव से संबंधित सभी अधिकार उसकी पत्नी को ही होते हैं। भाई निखार पांडेय ने बताया कि रंजना ने मोर्चरी में लिखकर दिया था कि शवदाह के दौरान किसी को भी वहां प्रवेश न दिया जाए। न ही इसके वीडियो आदि किसी को उपलब्ध कराए जाएं। 12 को शुद्धि और 20 को तेरहवीं- निखार पांडेय ने बताया कि भले ही हमें शव नहीं मिल सका, लेकिन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मृत्यु के बाद होने वाली सभी क्रियाएं हम लोग कराएंगे। 12 सितंबर को शुद्धि की जाएगी, जबकि 20 सितंबर को तेरहवीं का आयोजन होगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सात अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गिरोह बनाकर अपराध करने के मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने सात लोगों ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इनमें नेपाल, पश्चिम बंगाल सहित फर्रुखाबाद और मैनपुरी के पांच आरोपी शामिल हैं। कोतवाली देहात प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि कुरावली थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी अवनेश कुमार, गांव कल्यानपुर निवासी सत्यवीर सिंह व फर्रुखाबाद जनपद के कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव लुधइया निवासी जयपाल का एक गैंग है। वर्ष 2018 में रुस्तमपुर निवासी सत्यप्रकाश की हत्या कर दी थी। वहीं 28 जनवरी 2022 का आरोपियों ने कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत छितौनी के पास बाईपास पुल के ऊपर फिरोजाबाद के एका थाना क्षेत्र के गांव निनावली निवासी मीना की हत्या कर शव को फेंका था। इनके अलावा इसी साल जनवरी में पश्चिम बंगाल के मालदा जनपद के हजादपुर निवासी हबीब व नेपाल के नयागांव निवासी पद्म सिंह को 251 किलो गांजा ले जाते पकड़ा था। कोतवाली नगर के अलीगंज चुंगी निवासी राहुल व कोतवाली देहात के आवास-विकास निवासी राजीव से छह अप्रैल को 24 किलो गांजा बरामद हुआ था।आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों से अशांति और लोगों में भय का माहौल बन रहा था है। इसी के लेकर गैंगस्टर एक्ट में सातों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गंगा स्नान करने नरदोली घाट पर डूबने से मौत




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगज।पटियाली क्षेत्र के थाना सिकंदरपुर वैश्य के ग्राम नरदोली में 8 साल का बच्चा रामदेव पुत्र सुबोध शर्मा अपने परिवार के बच्चों के साथ गंगा स्नान करने नरदोली घाट पर गया तभी वह गहरे पानी के गड्ढे में चला गया और डूबने लगा उसे डूबता देख अन्य बच्चे शोर मचाने लगे तभी पास में है गांव के बहुत से लोग अपनों बुजुर्गों को पित्रतर्पण कर रहे थे जब तक सभी लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चे को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी जब इसकी खबर परिवारजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया थाना सिकंदरपुरवैश्य के स्ड्ढ युसूफ खान व सिपाही अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिवारजनों के सहमति दें बच्चे का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# होर्डिंग रसीद काटा और उसे बताया अनाधिकृत, मामला गरमाया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- नगर पंचायत बिश्रामपुर में होर्डिंग एवं फ्लेक्सी विवाद थमने की बजाय विवाद और भी तूल पकड़ता जा रहा है। नगर पंचायत में ठेकेदार से राशि लेकर रसीद काटा और उसे अनाधिकृत भी ठहरा दिया। जिससे यह मामला अब और भी उलझता जा रहा है, ठेकेदार न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर के होर्डिंग ठेकेदार अमरीक सिंह ने नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष आशीष यादव पर दबंगई एवं गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत सीएमओ यूफ्रेसिया इक्का को लिखित शिकायत दर्ज करवाया था कि उसके अधिकृत होल्डिंग बोर्ड पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जबरदस्ती अपना फ्लेक्सी बिना अनुमति के लगा लिया, जिससे होर्डिंग ठेकेदार को आर्थिक क्षति के साथ-साथ मानसिक रूप से भी परेशान होना पड़ा था और होर्डिंग ठेकेदार ने सीएमओ से फ्लेक्सी हटवाने तथा जबरन फ्लेक्सी लगाए जाने का किराया दिए जाने की मांग की थी। इसी मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव ने बताया था कि होर्डिंग ठेकेदार का अनुबंध समाप्त हो चुका है और उन्हें नोटिस देने की तैयारी की जा रही है। जबकि यदि नगर पंचायत द्वारा काटे गए रसीद पर नजर डालें तो नगर पंचायत अध्यक्ष की बात सरासर गलत प्रतीत होती है। गौरतलब है कि इस मामले के दूसरे दिन नगर पंचायत सीएमओ बिश्रामपुर के द्वारा तत्काल नोटिस काटते हुए जहां एक तरफ होर्डिंग ठेकेदार को अनाधिकृत बताया वहीं दूसरी तरफ होर्डिंग बोर्ड हटाने का निर्देश भी जारी कर दिया गया। जबकि होर्डिंग ठेकेदार अमरीक सिंह के पास नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा वर्ष 2020,2021 एवं वर्ष 2022 के लिए काटी गई रशीद उपलब्ध है जो स्पष्ट दर्शाता है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर के द्वारा वर्ष 2022 जो 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक होता है का शुल्क ठेकेदार से वसूल किया गया है। वही दूसरी तरफ किसी भी कार्य के ठेकेदार को अनाधिकृत करना या कार्य से पृथक करने से पूर्व नियमानुसार नोटिस दिए जाने का प्रावधान है, जबकि नगर पंचायत ने इससे पूर्व किसी भी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यदि ठेकेदार अनाधिकृत रूप से कब्जे में था तो उसे पूर्व में नोटिस दिया जाना चाहिए था और यदि रसीद पर नजर डालें तो उस पर स्पष्ट वर्ष 2022 अंकित है ना कि वित्तीय वर्ष 2021-22 इस मामले पर होर्डिंग ठेकेदार अमरिक सिंह का कहना है कि सीएमओ नगर पंचायत बिश्रामपुर राजनीतिक दबाव के कारण गलत कर रही है, ऐसे में इनसे न्याय की उम्मीद लगाना बेकार है। यही आलम रहा तो मुझे न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा क्योंकि यहां सीधे तौर पर गुंडागर्दी हावी है।




# जनपद पंचायत पेंड्रा के 51 गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में आज कोविड टीकाकरण का विशेष अभियान टीका त्यौहार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कोरोना महामारी संक्रमण से पूर्णतः निजात पाने के लिए आज जनपद पंचायत पेंड्रा के 51 ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में कोविड टीकाकरण विशेष अभियान "टीका त्योहार" आयोजित किया गया है। कोविड टीकाकरण का अगला अभियान 17 सितंबर शनिवार को जनपद पंचायत गौरेला में और 19 सितंबर सोमवार को जनपद पंचायत मरवाही में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में सभी आयु वर्ग ( 12 वर्ष उम्र से ऊपर के ) सभी लक्षित हितग्राहियों को शत-प्रतिशत प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज का टीका लगाया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह पैकरा के मार्गदर्शन एवम समन्वय में विभिन्न विभागों-स्वास्थ्य, पंचायत, राजस्व, आदिवासी विकास, समाज कल्याण, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा नगरीय निकायों के समन्वय तथा जिला नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत पेंड्रा में कोविड टीकाकरण हेतु लक्षित हितग्राहियों की संख्या 43 हजार 106 है। इसमें प्रथम डोज के 1581, द्वितीय डोज के 8387 एवं तीसरा बूस्टर डोज के लिए 33 हजार 138 हितग्राही चिन्हित किए गए हैं। इस टीकाकरण अभियान में वैक्सीनेटर एवं वेटीफायर 60-60 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जमीन पर सो रही नाबालिक बच्ची को जहरीले सांप ने डसा, झाड़ फूंक के चक्कर में चली गयी जान



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली निवासी एक पन्डो जनजाति नाबालिक बच्ची अपने घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी. तभी अचानक बच्ची को एक विषैले सांप ने काट लिया. इसके बाद परिजन अस्पताल ले जाने की जगह झाड़ फूंक कराने तांत्रिक के पास ले गए.महुली निवासी जनवंती पंडों 16 वर्षीय बच्ची को सांप ने डस लिया. जिसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाने के बजाय परिजन तांत्रिक के पास ले गए. घरवाले उसे गांव के कई तांत्रिक के पास ले गए और झाड़ फूंक कराते रहे लेकिन पन्डो जनजाति नाबालिक बच्ची की हालत नहीं सुधरी. जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।शुक्रवार की रात लगभग दो बजे मामा के घर अवन्तिकापुर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी तभी उसे सांप ने काट लिया था. झाड़ फूंक के चक्कर में गयी जान- इस बात की जानकारी पीड़िता द्वारा मिलने पर घरवालों ने उसे झाड़ फूंक करवाने के लिए तांत्रिक के पास ले गए. जब तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो तांत्रिक ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए. जिसके बाद परिजन नाबालिग को अस्पताल ले गए गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल उसे बेहतर इलाज चालू कर दिया

# यूपी में सगी बहनें बनीं सौतन, चोरी-छिपे साली से मिलने पहुंचा था जीजा, घर वालों ने पकड़ा तो करा दी शादी

यूपी में कन्नौज में एक व्यक्ति की हरकत ने दो सगी बहनों को आपस में सौतन बना दिया। इसकी क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल एक युवक का अपनी ही पत्नी की बहन से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों चोरी-छिपे मिला करते थे। दोनों का प्रेम-प्रसंग परवान चढ़ रहा था, लेकिन इसकी घर में तो दूर खुद की बीवी को भी भनक नहीं लगी। इसी बीच एक बार युवक अपनी साली से मिलने अपनी ससुराल पहुंच गया। इस बार युवक पकड़ा गया। साली के साथ जीजा को देखकर घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को मंदिर लाया गया यहां दोनों की शादी करा दी गई।मामला कन्नौज जिले के इंदरगढ़ थाना के उदय्यापुर गांव का है। शनिवार को एक युवक अपनी पत्नी की सगी छोटी बहन से मिलने के लिए उसके गांव पहुंच था। परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े जाने पर दोनों ने अपने बीच बने रिश्ते का खुलासा कर दिया। इस पर परिजनों ने युवक के घर वालों को बुलाकर शनिवार को गांव में ही बने एक मंदिर में ग्रामीणों के सामने दोनों की शादी का दी। शादी के बाद माता-पिता ने युवती को उसके सगे जीजा के साथ विदा कर दिया।

